# Video #739

Resources by Dhruv Rathee

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 1 | इसे eastern Peru के शहर Pucallpa (पुकल्पा) में land करना था। सफर के पहले 30 minute बिल्कुल normal थे। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 2 | Crew ने breakfast serve किया। अगले दिन christmas था और Pilots भी अपनी families के बारे में बात कर रहे थे, जिनके पास वो जल्दी से जल्दी पहुंचना चाहते थे। | The Washington Post 14th June 2023 | https://www.washingtonpost.com/history/2023/06/14/juliane-koepcke-missing-plane-crash-colombia/ |
| 3 | Plane के नीचे इस वक्त Amazon के घने जंगल थे। Plane ने अपने destination Pucallpa की तरफ उतरना शुरू किया। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 4 | लेकिन तभी काले बादल छा गए | The Washington Post 14th June 2023 | https://www.washingtonpost.com/history/2023/06/14/juliane-koepcke-missing-plane-crash-colombia/ |
| 5 | Plane एक भयानक तूफ़ान में घिर गया। Pilot ने तूफ़ान से बचने की कोशिश नहीं की, बल्कि plane को सीधा उसके अंदर घुसा दिया। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 6 | Pilot ने तूफ़ान से बचने की कोशिश नहीं की, बल्कि plane को सीधा उसके अंदर घुसा दिया। चारों तरफ अंधेरा छा गया और बिजली कड़कने लगी। इस वक्त ये Plane कम और हवा में उछल रहा खिलौना ज़्यादा लग रहा था। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 7 | लोगों का सामान overhead compartments से निकलकर उनके ऊपर गिरने लगा और passengers में दहशत फैल गई। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 8 | लगभग 20 मिनट तक ऐसा चलता रहा। उसके बाद 21000 feet की ऊँचाई पर, इस plane पर बिजली गिर गई | Aviation Safety Network | https://asn.flightsafety.org/asndb/330639 |
| 9 | इसके बाद plane तेजी से नीचे की ओर गिरने लगा। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 10 | Right wing अलग हो गई, साथ में left wing का कुछ हिस्सा भी अलग हो गया। | Aviation Safety Network | https://asn.flightsafety.org/asndb/330639 |
| 11 | Pucallpa में land करने से 15 minute पहले 12 बजकर 45 minute पर plane लगभग 10,000 feet की ऊंचाई पर हवा में ही टूट गया। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 12 | जब rescue workers crash site पर पहुंचे तो वहां चारों तरफ plane का wreckage बिखरा पड़ा था और passengers का सामान पेड़ों पर लटका हुआ था। Suitcases हवा में ही खुल गए थे और passengers के christmas gifts पेड़ों पर ऐसे लटक गए, जैसे किसी ने Christmas trees को decorate किया हो। | Wings of Hope (1998) | https://youtu.be/msipyM4vyLg?t=264 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 13 | Juliane Koepcke और उनकी मां, Maria Koepcke को ये flight लेकर Amazon जंगल के biological research station 'Panguana' पहुंचना था | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 14 | जिसे Juliane के दोनों zoologist parents ने ही establish किया था। यहाँ पर ये पूरी family एकसाथ christmas मनाने वाली थी। इनको कुछ दिन पहले ही घर जाना था, लेकिन Juliane को अपने school की prom और graduation party की वजह से last moment की flight लेनी पड़ी। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 15 | LANSA airline की reputation अच्छी नहीं थी। लोग मज़ाक में कहते थे, "LANSA se lanza de panza" यानी "LANSA पेट के बल गिरता है।" ये LANSA का आख़िरी plane था, बाकी सब पहले ही crash हो चुके थे। ये एक turboprop plane था, Lockheed Company का Model L188A Electra. इस plane को desert areas के लिए design किया गया था। इसकी wings बाकी planes की तरह flexible नहीं थीं और plane की body से बहुत tightly attached थीं। इस कारण ये turbulence नहीं झेल पाता था और कई साल पहले ही US में इसे service से हटा दिया गया था। इसे दूसरे planes के spare parts को जोड़कर बनाया गया था और ये Andes mountain range के ऊपर से flight के लिए बिल्कुल safe नहीं था, जहां से LANSA की flight जानी थी। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 16 | जब plane के 2 हिस्से हुए तब Juliane जिस seat पर बैठी थी, वो 3 seats की row टूटकर plane से अलग हो गई थी। | The Guardian<br>6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 17 | Juliane seatbelt की मदद से इस seat से बंधी रही और 10,000 feet की ऊंचाई से नीचे गिरने लगी। | The New York Times<br>18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 18 | Seatbelt उसके पेट में इतनी ज़ोर से धंस रही थी कि सांस लेना मुश्किल हो रहा था। | Book: When I Fell From the Sky<br><br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 19 | नीचे Amazon का घना जंगल था। पेड़ इतने घने थे कि ज़मीन नजर नहीं आ रही थी और ऐसा लग रहा था, जैसे broccoli का खेत हो। | The New York Times<br>18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 20 | इसी वक्त Juliane बेहोश हो गई और जब उसे होश आया तो वो seats के नीचे जंगल की ज़मीन पर पड़ी थी। | The Guardian<br>6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 21 | । तारीख थी 25 December-Christmas morning. पूरी रात बारिश हुई थी, जिसके कारण उसके कपड़े कीचड़ में सन गए थे। | The New York Times<br>18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 22 | होश में आने के बाद Juliane ने कई बार खड़े होने की कोशिश की, लेकिन हर बार वो बेहोश हो जाती। | The Washington Post 14th June 2023 | https://www.washingtonpost.com/history/2023/06/14/juliane-koepcke-missing-plane-crash-colombia/ |
| 23 | कई बार कोशिश करने के बाद आखिरकार जब वो खड़ी हुई तो उसने देखा कि उसकी एक collarbone टूट गई है, घुटने में मोच है और right shoulder और left calf पर कुछ जख्म हैं। एक आंख सूजकर बंद हो गई थी और दूसरी से भी बस हल्का एक line जितना नजर आ रहा था। पहले से ही उसकी नजर कमजोर थी और अब उसका चश्मा भी खो गया था। एक sandal भी गायब था और उसे concussion भी था। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 24 | इन हवाओं ने Juliane के गिरने की रफ्तार को धीमा किया। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 25 | दूसरा, उसकी seats की row घूम रही थी, जिससे इसने helicopter की पंखों की तरह काम किया और इससे भी गिरने की speed कम हुई। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 26 | तीसरी, पेड़ों की घनी पत्तियों और lianas (जंगली बेलों) के जाल ने उसके लिए एक गद्दे की तरह काम किया, जिससे वो ज़मीन पर सीधी टक्कर से बच गईं। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 27 | juliane Amazon के घने जंगल के बीचों-बीच एकदम अकेली थी। उसने अपने हाथ-पैरों पर इधर-उधर घूमकर अपनी मां को आवाज़ दी, | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 28 | लेकिन जंगल के मेंढकों, कीड़े-मकौड़ों और चिड़ियों की आवाज़ों के अलावा कोई जवाब नहीं आया। | The Guardian<br>6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 29 | Juliane को ये आवाजें कुछ जानी-पहचानी लगीं। | The Guardian<br>6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 30 | जहां उसके parents का Panguana research station था। लेकिन इस guess की reality पता करने का कोई तरीका नहीं था, क्योंकि Amazon का जंगल हज़ारों kilometers में फैला हुआ है। | The New York Times<br>18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 31 | वो कोई शहर की एक आम लड़की नहीं थी। उसने अपनी ज़िंदगी के 3 साल अपने zoologist parents के साथ Panguana research station पर जंगल में बिताए थे। | The New York Times<br>18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 32 | उसे पता था कि जंगल में कैसे ज़िंदा रहना है। उसे पता था कि ज़हरीले जानवर कौन से हैं, कौन से पौधे खतरनाक हैं और मुश्किल में क्या करना चाहिए। | The Washington Post<br>14th June 2023 | https://www.washingtonpost.com/history/2023/06/14/juliane-koepcke-missing-plane-crash-colombia/ |
| 33 | वो जानती थी कि डरना नहीं है, बल्कि सोचना है। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 34 | पहले दिन Juliane ने अपनी मां और बाकी passengers को search किया | The Washington Post 14th June 2023 | https://www.washingtonpost.com/history/2023/06/14/juliane-koepcke-missing-plane-crash-colombia/ |
| 35 | चिल्लाकर आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 36 | असल में ऐसी धारणा है कि rainforests में तो बहुत खाने लायक चीज़ें उगती होंगी, लेकिन ये बात सच नहीं है, क्योंकि ये इलाका इतना dense था कि यहाँ sunlight नहीं पहुँचती जिससे कुछ नहीं उगता। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 37 | उसने पत्तों पर जमा water drops को lick करके अपनी प्यास बुझाई। फिर उसने आसपास खाना ढूँढना शुरू किया। असल में ऐसी धारणा है कि rainforests में तो बहुत खाने लायक चीज़ें उगती होंगी, लेकिन ये बात सच नहीं है, क्योंकि ये इलाका इतना dense था कि यहाँ sunlight नहीं पहुँचती जिससे कुछ नहीं उगता। सिर्फ़ 20 metres की ऊँचाई पर palm fruits थे जो Juliane की पहुँच से बाहर थे। सबसे पहले Juliane को mushrooms दिखे लेकिन उसको शक था कि ये जहरीले हो सकते हैं तो उसने उन्हें छुआ भी नहीं। उसके बाद उसे Italian fruitcakes का एक box मिला जो plane से ही गिरा था लेकिन रात भर बारिश की वजह से अब खाने लायक नहीं बचा था। उसे थोड़ी दूरी पर plane से ही गिरा हुआ एक candy का packet मिला जिसमें केवल 30 candies थीं। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 38 | लेकिन उसे पता नहीं था कि उसे कितने दिन तक सिर्फ़ इन्ही candies पर गुजारा करना पड़ेगा तो उसने decide किया कि वो हर दिन केवल कुछ ही candies खाएगी। उसके हाथ पर एक घड़ी भी थी जो उसे उसकी दादी ने gift दी थी । | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 39 | Juliane को पता था कि अगर उसे survive करना है तो उसे चलते रहना होगा जिससे वो इंसानों की बस्ती तक पहुँच पाए, लेकिन उसे समझ नहीं आ रहा था कि वो किस तरफ़ जाए? वो कुछ घंटे तक crash site के आसपास भटकती रही। तभी उसे अचानक एक आवाज सुनाई दी, पानी टपकने की। जब Juliane ने आवाज का source ढूढ़ा तो उसे झाड़ियों के बीच मिट्टी से पानी की एक छोटी सी stream निकलती दिखाई दी। ये उम्मीद की पहली किरण थी। Juliane के पिता ने उसे सीख दी थी कि अगर कभी जंगल में खो जाओ, तो बहता पानी ढूढ़ो और इसे follow करो। एक stream (छोटी धारा) तुम्हें नाले तक ले जाएगी, नाला एक बड़ी नदी तक और नदी इंसानी बस्ती तक ले जाएगी। अब Juliane के पास एक strategy थी कि उसे पानी के साथ साथ चलना था और वो पानी के सहारे आगे बढ़ने लगी। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 40 | Amazon के खौफनाक जंगलों में, जहां 8 feet लंबे alligator जैसे जानवर, जहरीले सांप और मकड़ियां और तमाम तरह की dangerous species रहती हैं, वहां 17 साल की एक लड़की अकेले निकल पड़ी थी। उसे ये भी नहीं पता था कि उसे कहां जाना है, उसे कोई मिलेगा भी या नहीं, केवल इतना पता था कि उसे पानी को follow करना है। उसका एक ही मकसद था- इस जंगल से जिंदा बाहर निकलना। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 41 | लेकिन उसका रास्ता आसान नहीं था। गिरे हुए पेड़, घनी झाड़ियां और फिसलन भरे पत्थर रास्ते को रोके हुए थे। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 42 | रात को कोई भी जंगली जानवर आकर उसपर हमला कर सकता था। उसे पता था कि ऐसी situation में किसी किसी safe जगह पर सोना चाहिए, जहां पीठ की तरफ कोई पेड़ या चट्टान हो। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 43 | तीसरे दिन Juliane को plane के wreckage का पहला टुकड़ा मिला। ये एक turbine था, जो एक side पर पूरी तरह काला हो चुका था। अभी भी उसे search planes की आवाज़ें सुनाई दे रही थी, लेकिन वो helpless थी। वो जानती थी कि उसे खुद इस घने जंगल से बाहर निकलकर किसी खुली जगह पर पहुंचना होगा। तीसरे दिन, उसकी घड़ी ने भी काम करना बंद कर दिया चौथे दिन, उसे कुछ King Vultures दिखे, जो लाशों को खाने के लिए जाने जाते हैं। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 44 | चौथे दिन, उसे कुछ King Vultures दिखे, जो लाशों को खाने के लिए जाने जाते हैं। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 45 | आगे उसे plane की seats की एक row दिखी, जिसमें 3 लोग अभी भी अपनी seatbelt से बंधे हुए थे। ये लोग सिर के बल इतनी force के साथ जमीन पर गिरे थे कि उनके सिर 3 feet जमीन में धंस गए थे और पैर ऊपर की तरफ थे। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 46 | ये एक horrifying scene था और Juliane कुछ moments के लिए paralyzed हो गई। | The Washington Post 14th June 2023 | https://www.washingtonpost.com/history/2023/06/14/juliane-koepcke-missing-plane-crash-colombia/ |
| 47 | इनमें से एक महिला भी थी। Juliane को डर लगने लगा कि कहीं ये उसकी मां तो नहीं। confirm करने के लिए उसने carefully एक stick से उसके पैर को turn करके देखा तो नाख़ूनों पर nail polish लगी थी। उसकी मां nail polish नहीं लगाती थीं। | The New York Times 18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 48 | Juliane ने आसपास देखा कि कोई और body या injured passenger तो नहीं है, लेकिन metal के कुछ टुकड़ों के अलावा वहां और कुछ नहीं था। उसने फिर से आगे बढ़ना शुरु किया। उसे ऊपर से अब भी search planes की आवाज सुनाई दे रही थी। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 49 | इसी बीच उसकी सारी candies भी खत्म हो गईं | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 50 | वो नदी का पानी पीकर काम चलाने लगी। | The New York Times<br>18th June 2021 | https://www.nytimes.com/2021/06/18/science/koepcke-diller-panguana-amazon-crash.html |
| 51 | इस पानी में मौजूद minerals से उसे कुछ देर तक पेट भरा हुआ feel होता, लेकिन वो कमजोर और निराश होती जा रही थी। | The Guardian<br>6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 52 | उसके दिमाग़ में days mixed up हो चुके थे। पांचवें या छठवें दिन उसे एक चिड़िया की आवाज सुनाई दी, जिसे सुनकर Juliane में अचानक से जोश आ गया। वो तेजी से चलने लगी। असल में ये Hoatzin bird की आवाज थी जो उसने पहले सुनी हुई थी और उसे पता था कि ये bird किसी बड़ी नदी के पास खुले पानी के नजदीक अपने घोंसले बनाती है। जिस stream के सहारे वो आ रही थी, वो आगे उसे एक नदी में मिलते हुए दिखी। उसे लगा कि अब वो जल्दी नदी के पास पहुंच जाएगी। लेकिन stream का मुंह लकड़ी के टुकड़ों और मोटी झाड़ियों से बंद था और यहां से Juliane का cross कर पाना नामुमकिन था। इसलिए उसने जंगल से घूमकर ये barrier cross किया, जिसमें उसे घंटों लग गए। लेकिन आखिरकार वो एक बड़ी नदी तक पहुंच गई, जो लगभग 30 feet चौड़ी थी। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 53 | उसे search planes की आवाज सुनाई दे रही थी, लेकिन ये बहुत दूर थे। कुछ समय बाद एक plane उसके ऊपर से गुजरा। Juliane ने बड़ी उम्मीद में इसकी तरफ wave किया, चिल्लाई, लेकिन कुछ काम नहीं आया और ये plane मुड़कर उससे दूर चला गया। इसके बाद Juliane इंतजार करती रही कि कोई और plane आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और जो planes की आवाज आ रही थी, वो भी आना बंद हो गई। Juliane की एक बार फिर हिम्मत टूट गई। उसे समझ आ गया कि अब search को बंद किया जा चुका है। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | [https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705](https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705) |
| 54 | अभी तक उसका target नदी तक पहुंचना था, लेकिन नदी पर पहुंचकर अब वो जंगल के अकेलेपन को महसूस करने लगी, जो हजारों kilometers तक uninhabited था। उसे लगा कि उसके बचने के chances zero हैं। वो give up करने ही वाली थी कि उसे अपने पिता की बात याद आ गई- जहाँ नदी है, वहां लोग भी होंगे।Juliane खुद को motivate करती रही कि कभी न कभी तो वो इन लोगों के पास पहुंच जाएगी। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | [https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705](https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705) |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 55 | लेकिन उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। उसके हाथ के घाव में मक्खियों ने अंडे दे दिए थे, जिससे इसमें कीड़े (maggots) पड़ गए थे। इन कीड़ों को केवल alcohol या kerosene से बाहर निकाला जा सकता था, लेकिन Juliane के पास ये दोनों ही चीजें नहीं थीं तो उसने spiral shape की अपनी silver ring को खोलकर चिमटी जैसा बनाया और इससे कीड़ों को निकालने की कोशिश की। लेकिन कीड़े उसकी skin के और अंदर घुस गए। Juliane को डर लगने लगा कि अगर ये घाव infect हो गया तो उसे अपना हाथ काटना पड़ेगा। उसकी upper back की skin भी बुरी तरह जल गई थी, जो अब उतरने लगी थी और उससे खून आ रहा था। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 56 | लेकिन अभी इन Problems को लेकर वो कुछ नहीं कर सकती थी, तो वो वही करती रही. जो उसके हाथ में था- नदी के साथ में आगे बढ़ना। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 57 | कभी उसे किसी घर की छत दिखाई देती, तो कभी मुर्गों की आवाज सुनाई देती। लेकिन सच में ऐसा कुछ नहीं था। वो hallucinate कर रही थी। उसके लिए हर सुबह खड़ा होना और फिर से नदी के ठंडे पानी में तैरना मुश्किल होता जा रहा था। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 58 | उसे पता था कि इस type के alligator पानी में attack नहीं करते। इसलिए Juliane पानी में चली गई और flow के साथ बहने लगी। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 59 | खाना अब भी एक बड़ी problem थी। उसने मेंढक पकड़कर खाने की कोशिश की, लेकिन वो इतनी कमजोर हो चुकी थी कि एक भी मेंढक नहीं पकड़ पाई। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 60 | नदी के किनारे चलते हुए उसे हिरण जैसे कई तरह के जानवर भी मिले, जो एक अच्छा sign नहीं था। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest%255C |
| 61 | उसी दिन की शाम को वो नदी के किनारे रेत पर आराम कर रही थी | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 62 | उसी दिन की शाम को वो नदी के किनारे रेत पर आराम कर रही थी | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 63 | तभी उसे एक बड़ी boat दिखी। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 64 | पहले उसे लगा कि वो hallucinate कर रही है। | The Guardian 6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 65 | वो swim करके उसके पास गई और उसे touch करके देखा, तब जाकर उसे यकीन हुआ कि ये सच में एक boat है। | Book: When I Fell From the Sky - Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 66 | Boat के पास से एक छोटा सा रास्ता ऊपर की ओर जा रहा था। Juliane ने अपने शरीर की बची-खुची ताकत लगाकर उस रास्ते पर चढ़ना शुरू किया। ऊपर एक झोपड़ी बनी हुई थी। लेकिन वहां कोई नहीं था। झोपड़ी में Petrol रखा हुआ था। Juliane ने एक छोटी नली से petrol निकाला और कीड़ों को बाहर निकालने के लिए इसे अपने घाव में डालने लगी। इससे उसे बहुत तेज दर्द हुआ क्योंकि petrol से बचने के लिए कीड़े body के और अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन फिर धीरे-धीरे एक-एक करके वो बाहर आने लगे और Juliane ने अपनी ring से लगभग 30 कीड़ों को बाहर निकाल दिया। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 67 | इसके बाद Juliane वहीं रुककर किसी के आने का इंतजार करने लगी। रात के बाद सुबह हो गई, लेकिन वहां कोई नहीं आया। उसने आगे बढ़ने की सोची, लेकिन उसके शरीर में बिल्कुल ताकत नहीं बची थी। वो बस बैठी रही, निराश और थकी हुई। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 68 | लेकिन शाम को जब अंधेरा होने वाला था, तभी उसने कुछ आवाज़ें सुनाई दीं। ये इंसानों की आवाज थी। Juliane को इस पर यकीन नहीं हुआ और उसे एक बार फिर लगने लगा कि वो hallucinate कर रही है। लेकिन तभी उसने 3 लोगों को जंगल से बाहर आते देखा। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 69 | इन लोगों ने जब Juliane को देखा, तो वो डरकर पीछे हट गए। फटे हुए कपड़ों में एक white लड़की, जिसकी एक आंख सूजी हुई थी और शरीर पर बहुत सारे घाव थे- उन्हें लगा कि वो 'Yacumama', यानी जंगल की जल-देवी है, जिसके बारे में उन्होंने कहानियों में सुना था। Juliane ने अपनी पूरी हिम्मत जुटाई और Spanish में कहा, "मैं LANSA plane crash में बची हुई लड़की हूं। मेरा नाम Juliane है।" | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 70 | ये सुनकर उन लोगों को यकीन नहीं हुआ। ये भी एक miracle था कि Juliane को वो मिल गए। ये लोग कहीं और जा रहे थे और केवल भारी बारिश के कारण यहां रुके थे। | The Guardian<br>6th August 2024 | https://www.theguardian.com/lifeandstyle/article/2024/aug/06/a-bolt-of-lightning-struck-my-plane-and-i-plunged-3000m-into-a-rainforest |
| 71 | उसके घावों को साफ़ किया, और उनसे कीड़े निकाले। उन्होंने Juliane को बताया कि वो plane crash की अकेली survivor है। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |
| 72 | इस बीच 2 और लोग वहां आ गए। ये लोग अगले दिन Juliane को लेकर एक गांव पहुंचे। लेकिन यहां कई लोग Juliane को देखकर डर गए। उसकी आंखों की सभी blood vessels burst हो चुकी थीं, जिससे आंखें एकदम लाल हो गई थीं। गांव में उसके घावों को साफ और disinfect किया गया। यहां से Juliane एक plane में Yarinacocha तक पहुंची, जहां doctors ने उसे better treatment दिया। | Book: When I Fell From the Sky<br>- Juliane Koepcke | https://www.amazon.in/When-Fell-Sky-Juliane-Diller/dp/0983754705 |